DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

नई दिल्ली, गुरुवार, 27 अक्तूबर 2022

NAME OF NEWSPAPERS--DATED-

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com अपनी दिल्ली

घाटों की सफाई पूरी, रोशनी का इंतजार

आस्था का महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ शुक्रवार से शुरू होने वाला है। पूजा के लिए यमुना किनारे दिल्ली में घाट तैयार किए जा रहे हैं। बुधवार को इसे लेकर तैयारियां जोरों पर थीं। कहीं साफ-सफाई का काम पूरा कर लिया गया था तो कहीं टेंट और लाइट (रोशनी) की व्यवस्था का इंतजार किया जा रहा था। यमुना किनारे कुछ घाटों पर जहां पहले पूजा होती थी वहां घाट तैयार न होने को लेकर समितियों के बीच नाराजगी भी दिखी।

छठ महापर्व

कृत्रिम घाट को पानी से भरा गया

आईटीओ

छठ पूजा को लेकर बुधवार को आईटीओ स्थित यमुना घाट पर तैयारियां जोर-शोर से चल रही थीं। कृत्रिम घाट के सौंदर्यीकरण के कार्य में श्रमिक जुटे दिखे। इसे पानी से भरा जा रहा था। मिट्टी डालकर घाट को समतल करने का भी कार्य किया जा रहा था।

छठ पूजा समिति दिल्ली प्रदेश आईटीओ के पदाधिकारी घाट पर मौजूद थे। समिति सदस्य आपस में पूजा से जुड़ी तैयारियों पर विचार-विमर्श कर रहे थे। समिति अध्यक्ष सेवा राम पांडेय और सचिव बृजेश पांडेय ने बताया कि घाट की साफ-सफाई का कार्य शुरू हो चुका है। लेकिन, अभी टेंट और लाइट की व्यवस्था नहीं की गई है। यमुना किनारे बांस लगाकर श्रद्धालुओं के लिए जो सुरक्षा व्यवस्था की जाती है उस दिशा में अभी कार्य शुरू नहीं हुआ है।



आईटीओ स्थित यमुना घाट के पास छठ महापर्व के लिए बुधवार को श्रमिक कार्य में जुटे थे। व्रतियों के लिए घाट में पानी भी भरा गया। • सोनू मेहता

'दिल्ली सरकार तैयारी में कसर नहीं छोड़ेगी'

दिल्ली में कुल 1100 स्थानों पर छठ पूजा का आयोजन किया जा रहा है। यह पहला मौका है जब इतनी जगहों पर पूजा का आयोजन किया जा रहा है। यमुना घाटों से लेकर डीडीए के बड़े पार्कों में गड्ढा खोदने से लेकर अन्य जरूरी तैयारियां की जा रही हैं। भीड़ संभालने के लिए पुलिस के अलावा सिविल डिफेंसकर्मियों की तैनाती की जा रही है। पूजा की तैयारियों में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। पूजा समितियों से मिलकर राजस्व विभाग व जिलाधिकारी खुद इसपर निगरानी रख रहे हैं।

यह भी जानें

- 1100 छठ पूजा घाट दिल्ली सरकार 25 करोड़ रुपये के बजट से तैयार करा रही
- 3500 सिविल डिफेंस वालंटियर व्यवस्था को लेकर संभालेंगे मोर्चा
- 450 के करीब छठ पूजा समितियां हैं राजधानी में

अहम तिथियां

- 28 अक्तूबर को नहाय-खाय के साथ छठ पूजा का शुभारंभ
- 29 अक्तूबर को खरना
- 30 अक्तूबर को डूबते सूर्य को श्रद्धालु अर्घ्य देंगे
- 31 अक्तूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

दैनिक जागरण नई दिल्ली, 27 अक्टूबर, 2022

NAME OF NEWSPAPERS---------

छठ पूजा के लिए संवरने लगे घाट

नेहरू प्लेस स्थित आस्था कुंज पार्क में छठ पूजा के लिए घाट की सफाई करतीं महिलाएं • जागरण

शेख सराय स्थित डीडीए पार्क में छठ पूजा के लिए के लिए बुलडोजर की मदद से बनाया जा रहा है अस्थायी घाट • जागरण

- **साफ-सफाई के बाद पक्के घाटों की रंगाई-पुताई जारी, बुलडोजर से बनाए जा रहे अस्थायी घाट**
- **घाटों पर बिजली, पानी और शौचालय का इंतजाम करने में लगे विभिन्न विभाग**

जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली : छठ पूजा के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं।



पक्के घाटों को साफ करके उनकी रंगाइ-पुताई का कार्य जारी है। जहां पर कच्चे व अस्थायी घाट हैं, उनकी जेसीबी से खोदाई की जा रही है। घाटों पर बिजली, पानी और शौचालय का इंतजाम विभिन्न विभागों की ओर से किया जा रहा है।

नेहरू प्लेस स्थित आस्था कुंज पार्क के छठ घाट की सफाई का काम भी शुरू हो गया है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की ओर से इसमें पानी भरवाया जाएगा। इसी पार्क में मेट्रो स्टेशन के बगल के कुंड की भी सफाई का काम शुरू किया गया है। इसमें पानी पहले से ही भरा है। इसलिए श्रद्धालुओं को दिक्कत नहीं होगी।

चिराग दिल्ली पूजा समिति के लल्लन कुमार सिंह ने बताया कि घाट की सफाई का काम तेजी से जारी है। पूर्वांचल छठ पूजा विकास समिति कालकाजी द्वारा डीडीए फ्लैट में छठ पूजा की तैयारी की जा रही है। समिति के सुरेश खैरलिया ने बताया कि यहां घाट की खोदाई का काम पूरा हो चुका है। ज्यादातर घाटों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

मेट्रो के पास होने व पार्किंग सुविधा होने से रहती है भीड़ : दूसरे घाट में पूजा का आयोजन करने वाली सोना नंदिनी सोशल वेलफेयर सोसायटी के महासचिव अनु ठाकुर ने बताया कि मेट्रो पास होने व पार्किंग सुविधा होने के कारण आस्था कुंज पार्क में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा करने के लिए आते हैं। नेहरू प्लेस मेट्रो स्टेशन पर उतरकर यहां आसानी से पहुंचा जा सकता है।

आस्था कुंज में बड़ी संख्या में पहुंचते हैं श्रद्धालु

छठ पूजा का आयोजन करने वाले पूर्वांचल वेलफेयर एसोसिएशन के सतीश सिंह ने बताया कि आस्था कुंज में ईस्ट आफ कैलाश, ग्रेटर कैलाश, संत नगर, जामिया नगर, कालकाजी, गोविंदपुरी, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, आश्रम, श्रीनिवासपुरी व लाजपत नगर से श्रद्धालु पूजा करने आते हैं।

शेख सराय में लगाए झूले: शेख सराय के सतपुला पार्क में जनसेवा समिति की ओर से छठ घाट बनवाया जा रहा है। समिति अध्यक्ष सूरज चौहान ने बताया कि यहां 2007 से पूजा हो रही है। बच्चों के मनोरंजन के लिए इस बार तीन बड़े झूले लगवाए गए हैं। पर्याप्त जगह होने के कारण यहां पार्किंग की समस्या नहीं होती है। यहां चिराग दिल्ली, खिड़की, खिड़की एक्सटेंशन, शेख सराय, सावित्री नगर, हौजरानी व पंचशील से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।